तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 अटल ने छत्तीसगढ़िया के दर्द को समझा और की पृथक राज्य की घोषणा : साव



## खबर संक्षेप

### मोहनीश को उपसंचालक पंचायत का प्रभार

**कोरबा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा उप संचालक कोरबा के पद पर पदस्थ सहायक संचालक जुली तिर्की का स्थानांतरण उपरांत कलेक्टर ने उन्हें अंततः नवीन पदस्थापना स्थल सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के लिए भारमुक्त कर दिया है। उनकी जगह जिला पंचायत कोरबा में पदस्थ सहायक परियोजना अधिकारी मोहनीश देवांगन को आगामी आदेश पर्यंत उप संचालक पंचायत कोरबा का प्रभार सौंपा गया है।



### कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी व चक्काजाम कल

**कोरबा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के नेतृत्व में 22 जुलाई को प्रातः 11.30 से दोपहर 2 बजे तक कटघोरा चौक पर आर्थिक नाकेबंदी व चक्काजाम किया जावेगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मनोज चौहान एवं नत्थूलाल यादव, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षगण सन्तोष राठौर, दुष्यंत शर्मा, राजेन्द्र तिवारी, बसंत चन्द्रा, अजीत दास महंत, यशवंत लाल, अशमेर सिंह पोर्ते, दौलत राम राठिया, गोरेलाल यादव, दिलीप सिंह, हरकुंवर बिंझवार, बच्चन साय कोराम, पुष्पेन्द्र शुक्ला एवं राजीव लखन पाल ने जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, इंटक, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण, पार्षद प्रतयाशीगण सहित कांग्रेस विभाग के समस्त प्रकोष्ठ, मोर्चा संगठनए कोरबा जिले के समस्त जोन, वार्ड, बूथ कमेटी के सभी कांग्रेस जनों को समय पर पहुंचने आग्रह किया है। कार्यक्रम में सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक फूल सिंह राठिया, पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा व पुरूषोत्तम कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### 10 मृतकों के परिवारों को मिली सहायता राशि

**कोरबा।** जिले के दर्री थाना क्षेत्र के कलमीडुग्गु प्रगतिनगर के 10 लोगों की फरवरी में कुम्भ यात्रा के दौरान सड़क हादसे में दुःखद निधन हो गया था। घटना के बाद विधायक, वाणिज्य, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन सभी शोकाकुल परिवार के निवास पर पहुंच कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों को सवेक्छानुदान मद से सभी 10 मृतकों के परिवार जनों को 1-1 लाख रूपए की सहायता राशि देने की घोषणा की थी। रविवार को उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोहड़िया निवास कार्यालय में सभी 10 परिवार को एक एक लाख के चेक का वितरण किया। इस अवसर पर वार्ड की पार्षद श्रीमती राधा महंत, पार्षद मुकुंद सिंह कंवर भी उपस्थित रहे।

### कॉलेजों में प्रवेश पंजीयन की तिथि बढ़ी, 26 तक पंजीयन

**कोरबा।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों की पीजी कक्षाओं में प्रवेश के लिए पंजीयन का वक्त बढ़ाया गया है। 19 से 26 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकेगा। 28 जुलाई को मेरिट सूची जारी होने के साथ ही प्रवेश लिया जा सकता है और इसके लिए 31 जुलाई तक प्रवेश का अवसर मिलेगा। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में ऑनलाईन प्रवेश के लिए कुलपति की अनुमति से पुनः समय सारणी घोषित की गई है। ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश प्राप्त करने द्वितीय चरण पंजीयन प्रारंभ होने की तिथि 19 जुलाई और ऑनलाईन माध्यम से प्रवेश पंजीयन हेतु अंतिम तिथि 26 जुलाई निर्धारित की गई है। महाविद्यालय द्वारा मेरिट सूची जारी किए जाने की तिथि 28 जुलाई है। जिसके बाद सूची में जगह बनाने वाले विद्यार्थियों को शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त करने 31 जुलाई तक समय दिया जाएगा।

# टर्मिनल और चार्जिंग स्टेशन का काम जारी, निर्माण के बाद सड़कों पर दौड़ेंगी इलेक्ट्रिक बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले की सड़कों पर चलने वाले वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत इको फ्रेंडली ट्रांसपोर्ट पर काम करने की योजना बनाने के साथ क्रियान्वित की जा रही है। बिजली से चलने वाली यात्री बस अब प्रदेश के कई क्षेत्रों में चल रही हैं। कोरबा जिले में इलेक्ट्रिकल बसों का संचालन अगले वर्ष में हो सकेगा क्योंकि यहां टर्मिनल और चार्जिंग स्टेशन का काम पूरा नहीं हो पाया हैं, यानी लोगों को इसकी सुविधा के लिए अभी लंबा इंतजार करना होगा।

जानकारी के अनुसार नगरीय क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक बस संचालित करने की योजना केंद्र सरकार की है। किफायती और पॉल्यूशन फ्री सेवा देने के अंतर्गत इस योजना को हाथ में लिया गया है। कोरबा क्षेत्र में 40 इलेक्ट्रिकल बस देने की प्रस्ताव को सरकार ने पिछले वर्ष मंजूर किया। इसके बाद आगे की प्रक्रियाओं पर कार्य शुरू किया गया। इसके अंतर्गत आधारभूत कार्य जमनीपाली के प्रतीक्षा बस स्टैंड में संपादित कराए जा रहे हैं। वर्ष 2018 में इसी स्थान से सिटी बस संचालन के लिए टर्मिनल की व्यवस्था की गई थी। इसी परिसर को नवीन योजना के संचालन के लिए उपयुक्त पाया गया है और आवश्यक कार्य कराए जा रहे हैं। अप्रैल 2025 में संबंधित कार्य के लिए निविदा लगी थी, जिस पर अगली कार्यवाही शुरू की गई है। बताया गया कि टर्मिनल निर्माण के लिए कार्य कराये जा रहे हैं।सिविल वर्क प्रगति पर है। जमनीपाली में प्रतीक्षा बस स्टैंड क्षेत्र पर आधारित इस परियोजना को पूरा करने के लिए समयबद्ध कार्यक्रम तय किया गया है। इसके अनुसार अधिकारियों की निगरानी में कार्य किए जा रहे हैं। खबर के अनुसार अप्रैल में हुए टेंडर के बाद काम प्रारंभ हुआ जिसे 10 महीने की सीमा में पूर्ण करना है।

### जिले को मिलेगी 40 इलेक्ट्रिक बस, प्रस्ताव मंजूर

**खास बात**

- दर्री स्थित प्रतिक्षा बस स्टेंड में टर्मिनल व चार्जिंग स्टेशन बनाने की तैयारी



#### लोगों को मिलेगी सस्ती आवागमन सुविधा

इलेक्ट्रिकल बसों का प्रयोग अब तक देश के कई शहरों में किया गया है और यह सफल रहा है। छत्तीसगढ़ के नगरीय क्षेत्रों में ऐसी बसें उतारने की योजना को मंजूरी दी गई है। औद्योगिक जिला कोरबा के अंतर्गत कोरबा शहर और उपनगरीय क्षेत्र कुसमुंडा, बांकीमोंगरा, बालकोनगर, जमनीपाली, दीपका, रजगामार जैसे क्षेत्रों में लाखों की संख्या में कामकाजी वर्ग और आम लोग निवासरत हैं। कोयला खदानों, बिजलीघरों, एल्यूमिनियम संयंत्र और अन्य उद्योगों में ऐसे लोगों को हर दिन जाना होता है। इसके अलावा स्कूल, कॉलेज व अन्य संस्थानों में काम करने वाला वर्ग भी सस्ती आवागमन सुविधा से लाभान्वित हो सकेगा।

## 134 करोड़ की है लागत, सेतु निगम विभाग व जल संसाधन है एजेंसी

# जिले के ग्रामीण अंचल में चल रहा है 21 पुल-पुलियों का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों के नदी नालों में छोटे बड़े कुल 21 पुल पुलियों का काम बीते तीन वर्ष से 134 करोड़ की लागत से चल रहे हैं, जिनमें कुछ पूरे हो चुके हैं और कुछ को पूरा होने में समय लग रहा है। जल संसाधन और सेतु निगम दोनों निर्माण एजेंसियों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में पुल पुलियों का निर्माण किया जा रहा है। आने वाले एक वर्ष के अंदर इन पुल पुलियों का निर्माण होने से आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

**खास बात**

- कई स्थानों में अभी भी काम नहीं हुए पूरे

ग्रामीण अंचल के कई ऐसे क्षेत्र थे जहां पहुंच मार्ग बनाने के लिए पहाड़ी नदी नालों में पुल पुलियों का निर्माण आवश्यक हो गया था। जिसके लिए ग्रामीण अंचल से मिले प्रस्ताव और विभागों की ओर से आए प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए बजट के लिए राज्य शासन को भेजा गया था, जहां से शासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं कुछ स्थानों में बन रहे पुल पुलियों के प्रशासकीय स्वीकृति का कार्य राज्य शासन में लंबित पड़ा हुआ है। जीतने पुल पुलिया का काम ग्रामीण अंचल में चल रहा है उनमें पाली, कटघोरा और कोरबा ब्लॉक प्रमुखता से शामिल है, जहां पहाड़ी नालों में पुल का निर्माण नहीं होने से बरसात के समय आवागमन बाधित हो जाता था। निर्माण एजेंसियों की समीक्षा बैठक में ठेकेदारों को नोटिस दिए जाने के निर्देश भी दिए गए थे तथा समय पर काम पूरा नहीं करने वाले ठेका कंपनियों पर जुर्माना लगाए जाने के राज्य शासन से आदेश मिले हैं। हालांकि सेतु निगम एवं जल संसाधन विभाग काम पूरा कराने के लिए लगा हुआ है, किंतु बीच में तकनीकी कारणों की वजह से निर्माण कार्य बंद हुआ था, जिसकी वजह से विभाग के पुल पुलियों का निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है।


फाइल फोटो

#### इन क्षेत्रों में चल रहा कार्य

पाली ब्लॉक के अंतर्गत उतरदा और औराकछार के बीच बहने वाले पीतनी नदी में पुल निर्माण का काम आज पर्यंत तक लटका हुआ है, जबकि इसका प्रस्ताव लोक निर्माण विभाग के द्वारा राज्य शासन को भेजा गया है, किंतु प्रशासकीय स्वीकृति के इंतजार में काम लटका हुआ है। इसी तरह गेवरा-दीपका मार्ग में पुल का निर्माण 13 करोड़ की लागत से किया जा रहा है। उक्त पुल के निर्माण में से आवागमन शुरू हो जाएगा। इनके अलावा पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत तान नाला, बम्हनी नाला में भी पुल निर्माण स्वीकृत हो चुका है। जिले का सबसे विकासखंड होने के कारण पुल पुलियों के निर्माण की आवश्यता इस ब्लॉक में सर्वाधिक है, जिनके लिए जनपद पंचायतों से प्रस्ताव आए थे। इसी तरह पाली विकासखंड के अंतर्गत गुंजन नाला में भी पुल का निर्माण चल रहा है, जो लगभग पूरा होने की स्थिति में है, जिसकी लागत 5 करोड़ बतायी जा रही है। इसके निर्माण से आसपास के 13 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को इसका लाभ मिलेगा। इसी तरह तुर्री से तुलबुल पहुंच मार्ग में पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। दमखांचा से करईमार के बीच 2 करोड़ की लागत से काम जारी है। भैरोताल से कपाटमुड़ा में पुल निर्माण का कार्य 2 करोड़ की लागत से चल रहा है।

#### जर्जर और रेलिंग विहीन पुल-पुलिया

शहर और ग्रामीण अंचल को जोड़ने वो प्रमुख मार्गों में कई ऐसे बड़े पुल और छोटे पुलिया हैं, जो भारी वाहनों के आवागम से जर्जर हो चुके हैं। कुछ पुल पुलियों से तो रेलिंग गायब होने से हादसों का खतरा बना हुआ है। जिनके लिए अब तक लोक निर्माण सेतु निगम के द्वारा कार्य योजना बनाने में उदासीनता बरती जा रही है। बालको सतनाम नगर ढेंगुरनाला पुल भारी वाहन के आवागमन से जर्जर हो चुका है। यही स्थिति रूमगरा परसाभांठा मार्ग में बेलगरी नाले में बने पुल की भी हालत ठीक नहीं है। यही स्थिति कोरकोमा ग्राम पंचायत में पुराना पुल जिसमें आज भी रेलिंग की जगह बांस के बल्लियों का सहारा लिया जा रहा है, जबकि इस मार्ग से रांची झारखंड जाने वाली यात्री बसें भी आवागमन करती हैं। इसी तरह नकटीखार और ग्राम गोढ़ी के बीच रिंग रोड में कचांदी नाला में बनी पुलिया भी रेलिंग विहीन है। इस मार्ग पर छोटे बड़े वाहन नाले में भी गिर चुके हैं।



# शराब की बोतल में मिला कीड़ा, लोगों ने किया हंगामा


शराब की शीशी में मिला कीड़ा।

**खास बातें**

- कटघोरा स्थित देशी शराब दुकान का मामला
- अन्य दुकानों से भी आ चुकी है इस तरह की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले में मदिरा का सेवन करने के शौकीनों की चिंता कई कारणों से बढ़ रही है। उनकी प्रिय चीज में अगर खतरनाक जीव-जंतू नजर आये तो परेशान होना लाजिमी है। इसी कड़ी में कटघोरा नगर की शासकीय देशी मदिरा दुकान से खरीदी गई एक बोतल में कीड़ा मिलने के बाद लोगों ने हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार मुख्य मार्ग पर आबकारी विभाग के द्वारा उक्त मदिरा दुकान का संचालन किया जा रहा है। छग एक्साईज की ओर से लांच किये गए प्रोडक्ट यहां पर रखे गए हैं। यहां 10 घंटे से भी अधिक समय तक लोगों को उसके क्रय करने की सुविधा उन्हें प्राप्त हो रही है, जो मदिरा का सेवन करते हैं। बताया जा रहा हैं कि रविवार को भी कुछ मदिरा शौकीन वहा मदिरा का क्रय करने पहुंचे थे। इस दौरान क्रय की गई एक बोतल का अवलोकन करने पर डर के साथ हंगामा मच हुआ। वजह उक्त बोतल में काले रंग का कीड़ा पाया जाना थी। मदिरा क्रय करने के लिए संबंधित व्यक्ति ने भुगतान कर दिया था। ऐसे में हंगामा का आधार मजबूत हो गया।

खबर वायरल हुई तो आसपास के लोग भी यहां जमा हो गए। उन्होंने कहा कि हम लोग कामकाज की थकान और तनाव कम करने के लिए जिस चीज का इस्तेमाल करते हैं वह हमारे स्वास्थ्य के लिए तनाव पैदा कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बॉटलिंग प्लांट में सुरक्षित रूप से कामकाज किया जा रहा है तो उक्त बोतल में कीड़ा कहां से आ गया। इससे पहले कोरबा जिले की कुछ दुकानों में मदिरा में मिलावट करने के मामले सामने आ चुके हैं और इसे लेकर गंभीर सवाल खड़े हो चुके हैं।

# मानव तस्करी को रोकने जिले में विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा और अनूपपुर में मानव तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया गया है। विश्व मानव दुर्व्यापार विरोधी पखवाड़े के तहत यह अभियान 19 से 30 जुलाई तक चलेगा। इसमें रेलवे अनूपपुर, आरपीएफ कोरबा और एक्सिस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन होलिस्टिक एक्शन रिसर्च एंड डेवलपमेंट (हार्ड) संस्था शामिल हैं।

आरपीएफ सब इंस्पेक्टर एस. के. शर्मा ने कहा कि बच्चों के हित में जागरूकता फैलाकर मानव और बाल तस्करी पर अंकुश लगाना जरूरी है। हार्ड संस्था कोरबा के समन्वयक कपिल शुक्ला ने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए समस्या की गंभीरता बताई। उन्होंने कहा कि मानव दुर्व्यापार से कई जिंदगियां बर्बाद हो रही हैं।





अभियान का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस अपराध से लड़ने में लोगों की भागीदारी बढ़ाना है। मानव दुर्व्यापार में लोगों को जबरन श्रम, यौन शोषण और दासता के लिए मजबूर किया जाता है। यह मानवाधिकारों का उल्लंघन है। इससे बच्चे और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। इस संगठित अपराध से लड़ने के लिए समन्वित प्रयास जरूरी हैं।

# समृद्धि राइस मिल में दबिश, 600 क्विंटल धान पर उठा सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में धान खरीदी के दौरान प्रशासन के द्वारा अवैध धान की खरीदी रोकने के लिए ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई थी। इसके बाद धान खरीदी संपन्न होने के बाद यह कार्यवाही थम गई थी, किंतु कुछ राईस मिल में अवैध धान खरीदी के बाद भी जमा हो रहे थे। जिसकी सूचना प्रशासन को मिलने के बाद ऐसे राईस मिलर्स पर निगरानी शुरू कर दी गई और छापे के निर्देश दिए गए थे। इसी तारतम्य में शनिवार को दबिश की कार्यवाही समृद्धि राईस मिल की गई।



जिले के करतला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बरपाली में संचालित समृद्धि राइस मिल पर दबिश की कार्यवाही की गई है। खाद्य विभाग ने कार्यवाही के दौरान राईस मिल में जाकर रखे हुए धान के संबंध में आवश्यक दस्तावेज जब तलब किए तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने धान के संबंध में अवैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। रिकॉर्ड की जांच पड़ताल के दौरान लगभग 600 क्विंटल धान के संबंध में कोई रिकॉर्ड प्राप्त नहीं हुआ, जिससे इसे अवैध मानकर जप्ती की कार्रवाई किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। कार्रवाई के दौरान कार्यपालिक दंडाधिकारी बरपाली तहसीलदार अभिजीत रजवानु, नायब तहसीलदार चंद्रभूषण चन्द्रा, फूड इंस्पेक्टर संतोष कंवर, श्री सोलंकी उपस्थित रहे। बताया जाता है कि मिल के संचालक विक्की अग्रवाल हैं। यहां से टीम को 600 क्विंटल अतिरिक्त धान मिला जिसके संबंध में आवश्यक जांच पड़ताल की जा रही है। तहसीलदार अभिषेक राजभानू ने बताया कि अतिरिक्त धान मिला है।

## स्वास्थ्य कर्मियों और शिक्षकों को मिलेगी आवास की सुविधा

# श्यांग में भी लेमरू की तर्ज पर बनेंगे सरकारी आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दूरस्था ग्रामीण अंचलों में शासकीय कर्मचारियों की आवास सुविधा योजना अंतर्गत कोरबा ब्लॉक के श्यांग क्षेत्र में भी लेमरू की तरह आवास बनाने की तैयारी चल रही है, जिसमें शिक्षकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को आवास की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर श्यांग क्षेत्र में हाईस्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी संचालन हो रहा है, जहां पदस्थ कर्मियों को आवास सुविधा दिलाने की दिशा में निर्माण की स्वीकृति दी गई है।

पहुंच विहीन क्षेत्रों में सड़क मार्ग के निर्माण के साथ अब ऐसे क्षेत्रों में आवास की सुविधा भी कर्मचारियों को दिलाने की तैयारी चल रही है। एक माह पूर्व कलेक्टर अजीत वसंत सहित निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों ने श्यांग क्षेत्र के भ्रमण के दौरान आवास व्यवस्था का जायजा लिया था। कोरबा विकास अंतर्गत अब तक केवल लेमरू में ही 12 आवासों के डबल स्टोरी कॉलोनी बनाई गई है, जिसमें स्वास्थ्य कर्मी व शिक्षक निवासरत हैं। इसी तरह की कॉलोनी श्यांग क्षेत्र में भी बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसमें पहली प्राथमिकता स्वास्थ्य कर्मियों को दी जाएगी। वर्तमान में श्यांग में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और स्कूल के शिक्षकों के लिए किसी भी तरह की आवास की सुविधा नहीं है। जिला मुख्यालय से जाने वाले कर्मचारियों को वापस आना ही एक चारा रहता है। रात रूकने के लिए उनके पास ग्रामीणों के आवास ही साधन रहते हैं या फिर वन विभाग का विश्राम गृह का साधन रहता है। जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर होने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों को आवागमन की असुविधा को देखते हुए क्षेत्र में ही आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पहले चरण में चार आवास बनाए जाएंगे, जो स्वास्थ्य कर्मियों को ही उपलब्ध रहेंगे।

#### हाउसिंग बोर्ड ने किया है ब्लॉक मुख्यालय में निर्माण


हाउसिंग बोर्ड ने जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय में शासकीय कर्मचारियों के लिए 40-40 आवास वाली शासकीय कॉलोनियों का निर्माण किया है। जिसमें राजस्व विभाग के साथ स्वास्थ्य विभाग, शिक्षक एवं अन्य विभाग के कर्मचारी निवास कर रहे हैं। हाउसिंग बोर्ड के पूर्व अभी तक किसी भी ब्लॉक मुख्यालय में सरकारी कॉलोनी का निर्माण नहीं होने से कर्मचारियों को आवास की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। कॉलोनियों के निर्माण के बाद जिला मुख्यालय से आवागमन करने वाले ब्लॉक के कर्मचारियों को अब उनके कार्य क्षेत्र में ही आवास की सुविधा उलब्ध हो गई है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### गांजा सहित महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने गांजा रखकर ग्राहक का इंतजार कर रही महिला को पकड़ लिया है। उसके पास से 1 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



सकरण्डा पुलिस को मुखबिर से सूचन मिली, रिकाण्डो अटल आवास के पीछे एक महिला गांजा रखकर ग्राहक के आने का इंतजार करते खड़ी है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चिंगराजपारा लक्ष्मी चौक निवासी चंदा राजपूत पिता स्व. नोहर राजपूत 57 साल को पकड़कर उसके पास से 1 किलो 900 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा जब्त कर महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

### संडे मार्केट में महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** दुकान लगाने को लेकर संडे मार्केट में एक महिला के साथ जमकर मारपीट की गई है। मारपीट होने से मार्केट में अफरा तफरी मच गई और लोग भागने लगे। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, रविवार को आफरीन पति स्व. रिजवान संडे मार्केट रिवरव्यू में कपड़ा की दुकान लगाई थी। उनके बाजू में नाइटी दुकान लगाने वाले राजा कुर्रे, उसकी मां, उसके पिता, उसका भाई दुकान लगाने के नाम पर गाली गलौज करने लगे। महिला ने विरोध किया सभी एक राय होकर उनके साथ मारपीट करते हुए धकका देकर जमीन में गिरा दिया। राजा कुर्रे का भाई उनका गला दबा दिया। सभी लोग उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे थे। मारपीट की घटना से मार्केट में अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने आफरीन की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### उरकुरा से सरोना के बीच दौड़ेगी ट्रेनें



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोनल अंतर्गत उरकुरा से सरोना बायपास लाइन पर आटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली का काम रविवार को पूरा कर लिया गया है। इस प्रणाली के पूरा होने के बाद ट्रेन की परिचालन और स्पीड में बढ़ोत्तरी होगी। इसमें मुख्य रूप से एमएसडीएसी डुअल डिटेक्शन एमएस सिग्मा द्वारा निर्मित कुल 52 डिटेक्शन पाइंट्स एवं 48 ट्रैक सेक्शन स्थापित किए गए, सरोना आटो हट से उरकुरा तक महत्वपूर्ण सूचनाओं के अदान प्रदान हेतु यूएफएसबीआई प्रणाली लगाई गई है, दोनों स्टेशन के बीच आटो सिग्नलों एवं ट्रैक सेक्शन की जानकारी रियल टाइम में साझा करने एनवी मक्स की व्यवस्था, संचार के लिए आप्टिकल फाइबर केबल एवं क्वाड केबल दोनों का उपयोग कर दोहरी व्यवस्था प्रदान की गई है, करीब 10 आटोमैटिक सिग्नल लगाने के साथ सरोना स्टेशन पर मौजूदा पैनल इंटरलाकिंग प्रणाली में आवश्यक बदलाव, उरकुरा स्टेशन पर मौजूदा इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग ईआई प्रणाली में बदलाव, आटो हट में रिंग अर्थिंग, ए क्लास सुरक्षा, फायर अलार्म, ईएलडी एवं स्वचलित फ्यूज चेंज ओवर सिस्टम जैसी आधुनिक संरक्षा व्यवस्थाएं लगाई गई हैं।

---

**जवाली नाले का दोबारा सीमांकन** | जवाली पुल पर बनी सड़क पर सालों से कब्जा कर दुकानें और काम्प्लेक्स बन गए

# 40 से अधिक लोगों का 50 फीट तक कब्जा पाया गया, फिर भी कार्रवाई ठंडी पड़ी

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व और नगर निगम की संयुक्त टीम ने जवाली नाले का फिर से सीमांकन किया है। इसकी प्रारंभिक रिपोर्ट भी सामने आ गई है, इसमें 40 से अधिक लोगों का 30 से लेकर 50 फीट तक जमीन पर अवैध कब्जा पाया गया है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी निगम और राजस्व विभाग की टीम ने सीमांकन किया था। उस दौरान कब्जे वाली दुकानों और मकानों पर रेड मार्किंग की गई थी। बाद में तीन दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया, लेकिन इसके बाद कार्रवाई रोक दी गई थी। ध्यान रहे कि ज्वाली पुल पर बनी सड़क पर सालों से कब्जा कर दुकानें और काम्प्लेक्स बना लिए गए हैं। लगातार शिकायतों के बाद निगम ने दो बार सीमांकन कराया। सीमांकन के दौरान 40 के करीब कब्जे उजागर होने के बाद भी प्रभावशाली लोगों के अवैध निर्माण आज भी जस के तस खड़े हैं। इतना ही नहीं कुछ स्थानों पर तो इन अवैध निर्माणों का काम और तेजी से जारी है। हाल यह है कि जवाली नाले की सड़क के किनारे बने अवैध कमर्शियल काम्प्लेक्स, नजूल भूमि पर हुए कब्जे, और नक्शे के विपरीत खड़ी की गई इमारतें सभी पर निगम की जानकारी होने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। निगम की पक्षपातपूर्ण कार्रवाई को लेकर गंभीर सवाल भी उठ रहे हैं। हाईकोर्ट के निर्देश पर चार आरआई, पांच पटवारी और एक सब इंजीनियर की टीम ने तेलीपारा रोड तक नाले की जमीन की नापजोख की। टीम को यहां 40 मकान, दुकानें और कुछ खाली प्लॉटों पर कब्जा मिला। इनमें कई प्रभावशाली लोगों के निर्माण भी शामिल हैं। ध्यान रहे कि पिछले सीमांकन में भी टीम ने अवैध कब्जों पर रेड मार्किंग की थी, जिससे विवाद शुरू हो गया था। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया था। अब कोर्ट के आदेश पर दोबारा सीमांकन कर स्थिति साफ की गई है।



### नाले और नजूल की जमीन पर भी कब्जा

निगम ने कमल नागवानी, रेश्मा नागवानी और विक्की थदानी के निर्माणों पर कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चला दिया, लेकिन दूसरी ओर प्रकाश आडवाणी, गोपी गंगवानी और अन्य प्रभावशाली लोगों के निर्माणों पर कार्रवाई रोक दी गई। आरोप लग रहे हैं कि निगम प्रशासन रसूखदारों के दबाव में काम कर रहा है। सीमांकन के दौरान नगर निगम व राजस्व विभाग की टीम ने 2 से 3 मीटर तक अतिक्रमण व अवैध निर्माण पर मार्किंग की पर कार्रवाई नहीं की। इसके साथ ही एक रसूखदार ने चार मंजिला कमर्शियल निर्माण कर दिया। खास बात रही कि यह निर्माण आवासीय नक्शा पास कराकर किया गया। इस रसूखदार ने नाले की बाउंड्री से लेकर बिल्डिंग तक की करीब 3.9 मीटर जमीन और उससे आगे की 11 मीटर जमीन, जो कि नजूल की है, उसे भी कब्जे में ले लिया गया है।

### कुछ अतिक्रमण 7 फीट तक किए गए

ज्ञात हो कि नगर निगम और राजस्व विभाग ने एक माह पहले जवाली नाले के दोनों ओर सीमांकन कर अवैध कब्जों की लिस्ट तैयार की थी। इस कार्रवाई में सामने आया कि कई लोगों ने 3 से लेकर 7 फीट तक नाले की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। कुछ ने तो नजूल भूमि को भी नहीं छोड़ा। निगम ने सीमांकन के बाद मकानों और दुकानों पर मार्किंग भी की थी। जिनका कब्जा निकल रहा है, उनमें से कई लोगों को नोटिस जारी किया गया था। दूसरी बार के सीमांकन में तीन लोगों का कब्जा सबसे अधिक 50 फीट तक पाया गया है।

### किया गया है सीमांकन

हाईकोर्ट के आदेश पर राजस्व और नगर निगम की संयुक्त टीम ने जवाली नाले का फिर से सीमांकन किया है। इसकी रिपोर्ट कोर्ट में जमा की जाएगी। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई होगी।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

---

हल्के रंग के कपड़े पहनकर आने का नियम था, कई छात्र भी इसी कारण बाहर

# डुप्लीकेट आईडी के कारण कई बाहर, डार्क कपड़े पहनने पर महिला को रोका, कपड़े बदलकर देनी पड़ी परीक्षा



सरकंडा स्थित रामदुलारे स्कूल के सामने परीक्षा देने के बाद सड़क पर घंटों लगा रहा जाम, लोग होते रहे परेशान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

व्यापमं द्वारा आयोजित जल संसाधन विभाग के सब इंजीनियर पद की भर्ती परीक्षा में कठिन प्रश्नों ने परीक्षार्थियों को परेशान किया। परीक्षार्थियों के अनुसार प्रश्नों को समझने में ही अधिक समय लग गया। इसके साथ ही कई परीक्षार्थी तो अधिकारियों की सख्ती के कारण परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सके।

दरअसल कई परीक्षार्थियों को कह दिया गया कि उनके पास आईडी कार्ड की ओरिजनल कापी नहीं है और परीक्षा में फोटोकापी या डुप्लीकेट कापी मान्य नहीं की जाएगी। यही नहीं सरकंडा स्थित रामदुलारे दुबे हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर एक महिला परीक्षार्थी को डार्क कलर के कपड़े पहनने के कारण प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षा निर्देशों में हल्के रंग के कपड़े पहनकर आने का नियम था। महिला ने तुरंत दूसरे कपड़े का इंतजाम कर परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्राप्त की। दरअसल कुछ दिन पहले हुई पीडब्ल्यूडी की इंजीनियरिंग की परीक्षा में दो छात्राएं वाकीटाकी से नकल करते हुए पकड़ी गईं थीं। इसके बाद से प्रदेश भर में हंगामा मचा हुआ है। फर्जीवाड़ा रोकने के लिए अब सीजीपीएससी और व्यापमं परीक्षाओं में शामिल होने वाले हर अभ्यर्थी को आधार कार्ड के माध्यम से ई-केवाईसी करना अनिवार्य किया गया है।

इस संबंध में राज्य सरकार ने राजपत्र में अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें कहा गया है कि आधार के जरिए ई-केवाईसी से आयोग और मंडल को अभ्यर्थियों की पूरी जानकारी (नाम, जन्मतिथि, फोटो, पता आदि) पहले से मिल जाएगी। नई व्यवस्था के तहत सभी परीक्षा केंद्रों में जैमर लगाए जाएंगे। परीक्षार्थियों की जांच हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर से की जाएगी। साथ ही मैनुअल पैट डाउन फ्रिस्किंग भी होगी। हर केंद्र पर एक पुरुष और एक महिला पुलिस कर्मी तलाशी लेंगे। इन कदमों से इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के इस्तेमाल को रोका जा सकेगा।

### रेलवे, एनटीपीसी व जेईई की परीक्षा दी, व्यापमं में मान्य नहीं

सरकंडा स्थित पं रामदुलारे दुबे स्कूल में परीक्षा देने पहुंचे शुभम यादव को आधार कार्ड की ओरिजनल कापी नहीं लाने के कारण परीक्षा देने से वंचित कर दिया गया। शुभम ने बताया कि उसके पास आईडी कार्ड के तौर पर आधार कार्ड था लेकिन अधिकारियों ने इसे डुप्लीकेट बता दिया। शुभम के मुताबिक वह पहले भी इसी आधार कार्ड के माध्यम से रेलवे, एनटीपीसी और जेईई की परीक्षा दे चुका है। उस समय किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं की गई थी। इसलिए इस परीक्षा में भी वह कोई और आईडी कार्ड लेकर नहीं गया था। परीक्षा में नहीं बैठने देने से उसकी सालों की मेहनत बेकार हो गई। हरिभूमि से बातचीत के दौरान वे रो भी पड़े। शुभम यादव बिलासपुर में मंगला धूरी पारा में रहते हैं और उन्होंने नोयडा से सिविल इंजीनियरिंग 2016 में पास किया था।

### परीक्षा में पूछा गया आंकलन और मूल्यांकन का उद्देश्य

- व्यापमं ने सब इंजीनियरों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए ली परीक्षा

व्यापमं द्वारा जल संसाधन विभाग के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित सिविल, इलेक्ट्रिकल उप अभियंता परीक्षा रविवार को ली गई, इसके लिए शहर में 17 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। यह परीक्षा एक पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 तक ली गई, जिसमें 5 हजार 987 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया था, जिसमें 4 हजार 121 उपस्थित व 1 हजार 866 अनुपस्थित रहे। एग्जाम देकर निकले परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र को मॉडरेट बताया न्युमेरिकल प्रश्नों ने उन्हें परेशान किया मगर सामान्य ज्ञान के प्रश्नों ने नंबर बढ़ाया है। इन्होंने बताया की 42वें संविधान संशोधन की प्रस्तावना में कौन से दो शब्द जोड़े गए, पेट्रोल इंजन में पंप का मुख्य कार्य व आंकलन और मूल्यांकन का उद्देश्य बताईये जैसे प्रश्न पूछे गए। सामान्य ज्ञान में छत्तीसगढ के भी प्रश्न पूछे गए।

**सभी अभ्यर्थी हाफ शर्ट में नजर आए:** व्यापमं द्वारा परीक्षा नियमों में किए गए बदलाव के मुताबिक परीक्षार्थी दो घंटे पहले एग्जाम सेंटर पहुंचे। नीट की तर्ज पर इस बार परीक्षार्थियों को एग्जाम सेंटर 2 घंटे पहले पहुंचने के लिए निर्देशित किया गया था, ताकि उनकी बेहतर ढंग से जांच की जा सके। वहीं इस बार परीक्षार्थियों को हाफ शर्ट पहनकर आने कहा गया था, इसलिए सभी परीक्षार्थी हाफ शर्ट, टी शर्ट में नजर आए।

**पौने दस बजे गेट किया बंद:** एग्जाम सेंटर के गेट परीक्षा के लिए निर्धारित सुबह 10 बजने के 15 मिनट पहले यानी 9.45 बजे बंद कर दिए गए। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12:15 बजे तक निर्धारित थी।

**वन फोर्थ माइनस मार्किंग :** 100 अंकों के प्रश्न पत्र में वन फोर्थ माइनस मार्किंग था,चार गलत होने पर एक नंबर कट जाता है। इस पेपर में 90 प्रतिशत सैद्धांतिक और दस प्रतिशत संख्यात्मक प्रश्न थे। परीक्षार्थियों के अनुसार टेक्निकल और नॉन-टेक्निकल भी प्रश्न पूछे गए। प्रश्न पत्र में चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनना था, लेकिन प्रश्नों की जटिलता के कारण परीक्षार्थियों को एक-एक प्रश्न को पढ़ने में काफी समय लगा।



परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

### बाबाधाम से लौट रहे दो युवकों से मिला 10 नग स्टील के चाकू



**बिलासपुर।** बाबाधाम से लौट रहे दो युवक ट्रेन से उतरने के बाद छिपते छिपाते पीछे के रास्ते से निकल रहे थे। पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़कर बैग की तलाशी ली तो 10 नग स्टेनलेस स्टील से बना चाकू मिला। युवकों ने इसे देवघर से खरीदकर लाना बताया है। पुलिस ने चाकू जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

इन दिनों बड़ी संख्या में शहर से युवक टोली बनाकर ट्रेन से देवघर जाकर पदयात्रा कर भगवान भोलनाथ का दर्शन करने जा रहे हैं। रविवार को पुलिस को सूचना मिली साउथ बिहार ट्रेन में दो युवक बड़ी संख्या में चाकू लेकर शहर आ रहे हैं। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एसीसीयू प्रभारी अनुज कुमार, सीएसपी निमितेश सिंह, एसआई रामनरेश यादव, राहुल सिंह, रवि यादव एवं अन्य रेलवे स्टेशन सांई मंदिर के पास वाहन चेकिंग के बहाने तैनात हो गए। इसी दौरान साउथ बिहार ट्रेन रेलवे स्टेशन में आई। दो युवक छिपते छिपाते रेलवे स्टेशन के पीछे रास्ते से बाहर निकल रहे थे। बाहर निकलते ही पुलिस टीम ने दोनों युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर दोनों युवकों के बेग से 10 नग स्टेनलेस स्टील बटनदार फोल्डिंग धारदार चाकू मिला। पूछताछ करने पर दोनों युवकों ने बताया, वे पद यात्रा कर भोलेनाथ में जल चढ़ाने देवघर बाबा धाम गए थे। पूजा पाठ करने के बाद घूम रहे थे। इसी दौरान खुले बाजार में एक दुकान में स्टेनलेस चाकू बिक रहा था। दुकान से चाकू खरीदकर शहर ला रहे थे। पुलिस ने 25 आर्म्स एक्ट के तहत चाकू बरामद कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

#### आरपीएफ, जीआरपी की खुली पोल

पकड़े गए दोनों युवक देवघर से 10 नग चाकू खरीदकर आसानी से बेग में रखकर शहर पहुंच गए और स्टेशन से बाहर निकल गए और सुरक्षा में तैनात आरपीएफ, जीआरपी के अधिकारी जवानों को भनक तक नहीं लगी। ज्ञात हो कि सावन माह लगते ही शहर से बड़ी संख्या में युवा टोली बनाकर देवघर जल चढ़ाने जा रहे हैं और लौटते समय चाकू, तलवार, गांजा खरीदकर लौट रहे हैं। ट्रेन में जांच नहीं होने से युवा चाकू, तलवार लाने में सफल हो रहे हैं।

#### एक आदतन अपराधी

पकड़ा गया एक आरोपी सरकण्डा डीएलएस कालेज बजरंगबली मंदिर के पास रहने वाला निखिल साहू सरकण्डा क्षेत्र का आदतन बदमाश है। उसके खिलाफ पूर्व में सरकण्डा थाने में आर्म्स एक्ट व मारपीट के 3 मामले दर्ज हैं। उसके पास से 8 नग स्टेनलेस चाकू बरामद किया गया है।

#### पकड़े गए आरोपी

- निखिल साहू पिता अन्जु साहू 19 साल डीएलएस कालेज बजरंगबली मंदिर सरकण्डा
- सुमीत चौरसिया पिता संदीप चौरसिया 20 साल मंगेली बाजार, गौरेला

# उसलापुर रेलवे स्टेशन में पार्किंगवालों की गुण्डागर्दी

## मां को लेने गए बेटे को बेरहमी से पीटा, हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

उसलापुर रेलवे स्टेशन में पार्किंगवाले बेखौफ गुण्डागर्दी कर गाड़ीवालों से वसूली कर रहे हैं। ऐसा ही मामला सामने आया है, एक युवक अपनी मां को लेने के लिए उसलापुर स्टेशन गया था। पार्किंग स्थल से दूर स्कूटी को खड़ी कर मां के आने का इंतजार कर रहा था।

पार्किंगवाले आए और जबरिया पार्किंग स्थल पर स्कूटी खड़ी है कहकर वसूली करने लगे। विरोध करने पर तीन कर्मचारियों ने उनके साथ जमकर मारपीट की है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला गौरी गणेश कालोनी निवासी एलएलबी द्वतीय वर्ष का छात्र वंश शर्मा पिता स्व. अखिलेश शर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। 20 जुलाई उनकी मां डा. राधा शर्मा नर्मदा एक्सप्रेस में भोपाल से उसलापुर रेलवे स्टेशन आ रही थीं। ट्रेन दोपहर 1.30 बजे निर्धारीत समय पर आ रही थी। वे अपनी विगो स्कूटी से अपनी मां को लेने के लिए उसलापुर रेलवे स्टेशन गए और कार पार्किंग के थोड़ी दूर अपनी स्कूटी खड़ी बैठकर मां के बाहर आने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान पार्किंग का एक कर्मचारी उनके पास आकर कहा स्कूटी पार्किंग स्थल पर खड़ी है। स्कूटी यहां से नहीं हटाओगे तो जैमर लगा दिया जाएगा। उन्होंने ने कहा पार्किंग स्थल के बाहर स्कूटी खड़ी की है तब कर्मचारी उनसे विवाद करते हुए गाली गलौज करने लगा। इसी दौरान उसके 2 से 3 साथी आ गए। सभी ने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, पैर से बेरहमीपूर्वक जमकर मारपीट की है। मारपीट करने से उनके पेट, दोनों हाथ, सिर, पैर के निचले हिस्से में चोट आई है। पुलिस ने वंश शर्मा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। एक भी हमलावर को नहीं पकड़ा गया है।

### आए दिन होता है विवाद

ट्रेनों की संख्या बढ़ने से प्रतिदिन उसलापुर स्टेशन में बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना रहता है। जरूरी काम से जाने वाले पार्किंग स्थल के बाहर अपनी गाड़ी करते हैं, तो भी पार्किंग वाले वाहन संचालकों से जबरिया पार्किंग की रकम मांगी जाती है। मना करने पर कर्मचारियों के द्वारा गुण्डागर्दी कर संभ्रात परिवार के लोगों के साथ गाली गलौज कर मारपीट की जाती है।

### रायगढ़ की युवती के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** रायगढ़-बिलासपुर लोकल ट्रेन में मारपीट करने के मामले में जीआरपी ने रायगढ़ की युवती के खिलाफ अपराध कायम कर लिया है। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की तरह रायगढ़ से बिलासपुर आने वाली लोकल ट्रेन शनिवार की रात ट्रेन के चांपा स्टेशन पहुंचने के बाद जांजगीर-चांपा निवासी सुखरानी सिंह पति विजय सिंह ठाकुर 45 साल अपनी बहन के साथ उसमें बिलासपुर आने के लिए सवार हो गई। सुखरानी सिंह जिस कोच में सफर कर रही थी उसमें भीड़ अधिक थी, एक बर्थ में रायगढ़ से बिलासपुर आ रही रायगढ़ की 30 वर्षीय अनन्या कुरु पिता सुभांशु कुरु लेटी हुई थी। सुखरानी सिंह ने अनन्या से बैठने के लिए जगह मांगी, उसने देने से इनकार कर दिया। सुखरानी सिंह ने अनन्या कुरु को हाथ पकड़ा और खींचकर उठा दिया। इससे नाराज होकर अनन्या कुरु ने सुखरानी सिंह पर अपने पास रखे मोबाइल से सिर में वार कर दिया। सुखरानी सिंह के सिर से खून बहने लगा। ट्रेन के बिलासपुर पहुंचने के बाद सुखरानी और अनन्या कुरु दोनों जीआरपी थाने पहुंची। सुखरानी को जीआरपी ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा और अनन्या से बयान लिया। दोनों पक्षों से पूछताछ करने के बाद जीआरपी ने रविवार की सुबह रायगढ़ की रहने वाली युवती अनन्या कुरु के खिलाफ अपराध कायम कर जांच शुरु कर दी है।

### तस्करों के वाहनों की नीलामी से भरा खजाना

**जांजगीर-चांपा।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा जप्त करने के बाद राजसात किए गए 17 वाहनों की निलामी पुलिस लाइन जांजगीर में की गई। सभी वाहन आबकारी, नारकोटिक्स एक्ट और पशु तस्करी के मामलों में तस्करों से जप्त किए गए थे। वाहनों को अलग अलग लोगों द्वारा 12 लाख 74 हजार 700 रुपए में बोली लगाकर खरीदी गई। जिला पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट, नारकोटिक्स एक्ट एवं पशु तस्करी के मामले में वाहनों को जप्त किया गया था। तस्करों से जब्त किए गए 17 वाहनों को न्यायालय द्वारा राजसात किए जाने से वाहनों की नीलामी के लिए पूर्व में निविदा जारी किया गया था। इन वाहनों में 14 दो पहिया वाहन और 3 चार पहिया वाहन शामिल हैं। अलग अलग वाहनों के लिए 90 लोगों के द्वारा नीलामी प्रक्रिया में शामिल होने डीडी जमा किया गया था। नीलामी प्रकिया के निर्देशों के तहत गठित टीमों की सदस्य की उपस्थित में नीलामी प्रकिया पुलिस लाईन जांजगीर के परेड ग्राउंड में की गई। वाहन की नीलामी प्रकिया में शामिल हुए लोगों द्वारा बोली लगाकर वाहनों की खरीदी की गई। सभी वाहनों को अलग अलग लोगों के द्वारा 12 लाख 74 हजार 700 रुपए में बोली लगाकर खरीदी गई।

# सभा आयोजित कर धर्मान्तरण कराने का आरोप, हंगामा

**बिलासपुर।** रविवार को सरकण्डा क्षेत्र के एक मकान में एक समुदाय के लोगों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा आयोजित कर रहे थे। बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे और एक घण्टे तक हंगामा मचाया। उसके बाद पुलिस ने सभा आयोजित करने वाली शिक्षिका व उसके बेटे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



सरकंडा थाना शिकायत लेकर पहुंचे स्थानीय नागरिक।

सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, रविवार को सरकण्डा गीतांजली सिटी फेस 2 निवासी शिक्षिका अरूधंती साहू एवं साकेत साहू के घर में लोगों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा आयोजित की जा रही थी। हिन्दू लोगों को प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने की जानकारी होने पर बड़ी संख्या में हिंदू संठगन के लोग सरकण्डा पुलिस को साथ में लेकर शिक्षिका के घर के सामने जाकर धर्मान्तरण का विरोध किया गया। इस दौरान एक सामुदाय के लोगों व हिंदू संगठन के बीच जमकर कहा सुनी हुई। करीब 1 घण्टे तक हंगामा चलता रहा। उसके बाद दोनों पक्ष सरकंडा थाने पहुंच गए। पुलिस ने हिन्दू संगठन के सदस्य गीताजंली सिटी फेस 2 निवासी सूरज ताम्रकार पिता राजू की रिपोर्ट पर शिक्षिका व उसके बेटे के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# जमीन बिक्री करने के नाम पर साढ़े 4 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जमीन बिक्री करने के नाम से साढ़े 4 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में 5 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरमा का है।

इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शंकर लाल खुंटे एवं उनके अन्य साथियों के द्वारा ग्राम कुरमा का विवादित भूमि जो बैंक में बंधक होने के बावजूद भी आवेदिका श्रीमती लता कुर्रे के साथ सौदा कर शपथ पत्र में इकरार कर आवेदिका से अग्रिम राशि 4 लाख 50 हजार रुपए लेकर जमीन रजिस्ट्री न कर धोखाधडी करना, सौदा रकम को वापस मांगने पर प्रार्थीया को अश्लील गाली गलौच करना शुरू कर दिया गया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्व 12 नवंबर 2024 को थाना बलौदा में धारा 294,506, 419, 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ किया गया। जिस पर उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी करना जुर्म स्वीकार कियें जाने से गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उप्रकरण के आरोपी अजय खुंटे निवासी कुरमा जो घटना दिनांक से फरार था।

## खबर संक्षेप



### कनकेश्वर धाम में आज भोग प्रसाद का वितरण

**कोरबा।** जिले का प्रसिद्ध शिव मंदिर कनकेश्वर धाम कनकी में सावन के दूसरे सोमवार 21 जुलाई को आदर्श राजवाड़े कुर्मी समाज कोरबा शहर इकाई द्वारा मंदिर परिसर में भोग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी अध्यक्ष कृपासिंधु राजवाड़े ने दी। सावन में हर सोमवार को कनकेश्वर धाम में दूर-दराज से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। कनकी स्थित कनकेश्वर धाम की महिमा अपरम्पार है और यहां मॉ. सर्वमंगला देवी मंदिर घाट से जल लेकर कांवड़ियां बड़ी संख्या में भू-फोड़ महादेव कनकेश्वर धाम में जल चढ़ाते हैं। सावन सोमवार को मंदिर परिसर में मेला सा माहौल रहता है। यहां जल चढ़ाने से श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है।

### किसान कुटीर भवन का किया गया उद्घाटन



**चैतमा।** किसान कुटीर भवन का उद्घाटन कार्यक्रम चैतमा में लंबे समय से संचालित आदिवासी सेवा सहकारी समिति के पास अपना कार्यालय भवन नहीं होने के कारण उक्त कार्यालय दूसरे भवन में संचालित हो रहा था। कई बार मांग करने के बाद 2 साल पूर्व किसान कुटीर भवन का निर्माण के लिए 16 लख रुपए की स्वीकृति मिली, जिसको एक ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था। उक्त ठेकेदार द्वारा काम कराकर छोड़ दिया गया था। जिसका उद्घाटन कार्यक्रम रविवार को रखा गया था, जिसमें आदिवासी सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पाल सिंह गोपालपुर अमरनाथ, चैतमा सरपंच राजलाल, सिंधराम, डीके आदि, शिवनाथ सिंह कंवर, चौकी प्रभारी अफसर खान, समिति के प्रबंधक कमल दुबे की उपस्थिति में भवन का उद्घाटन किया गया। इस भवन में धान बेचने वाले किसानों को बैठने की भी व्यवस्था है।

### धनरास राखड़ डेम के नाले में गिरकर हुई किसान की मौत



**कटघोरा।** एनटीपीसी के धनरास स्थित राखड़ डेम के नाले में गिरने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय गणेश राम के रूप में हुई है, जो सुबह खेत की ओर जा रहा था। घटना शनिवार सुबह की बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि खेत जाते समय गणेश राम नाले के किनारे से गुजर रहा था, तभी पैर फिसलने से वह सीधे नाले में गिर पड़ा। सूचना मिलने पर कटघोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकाला गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा डेम क्षेत्र में कोई भी सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। नाले के किनारे न तो तार फेंसिंग है और न ही कोई चेतावनी संकेतक लगाया गया है। इससे पहले भी इसी तरह की घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन प्रशासन और प्रबंधन ने इससे कोई सबक नहीं लिया। धनरास गांव के लोगों में इस घटना के बाद भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने मांग की है कि राखड़ डेम क्षेत्र की घेराबंदी की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## निगम को मिली करोड़ों की सौगात, नाली और सीसी रोड का बिछेगा जाल

# अटलजी ने छत्तीसगढ़िया के दर्द को समझा और की पृथक राज्य की घोषणा : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आज का दिन कोरबा शहर के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, जब अटल परिसर का उद्घाटन किया जा रहा है। आज लगभग 30 करोड़ रूपये के लोकार्पण व भूमिपूजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की जो तरक्की हो रही है इसका श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है, स्व.अटल ने छत्तीसगढ़िया के दर्द को समझा था तथा पृथक राज्य की

**खास बात**

- अटल परिसर के लोकार्पण एवं विभिन्न कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे उप मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री व महापौर

घोषणा की थी। स्व. श्री बाजपेयी का योगदान हम सभी को याद रहे इस हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 192 नगरीय निकायों में अटल की प्रतिमा की स्थापना का कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में नगर पालिक निगम कोरबा स्थित विवेकानंद उद्यान(अप्पू गार्डन) के समीप अटल परिसर अपना मूर्तरूप ले रहा है।

उक्त बातें नगरीय निकाय व उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने अटल परिसर के लोकार्पण अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि कोरबा में हमारी स्थानीय सरकार बनने के बाद नगर निगम कोरबा हेतु 280 करोड़ रूपये के विकास कार्यो की सौगात के लिये आया है, जिसमें से 47 करोड़ रूपये की राशि कुछ दिन पूर्व ही दिया गया एवं 19 करोड़ रूपये के विकास कार्यो की स्वीकृति आज ही दे दी गई हैं। उन्होंने कहा कि शहर के नागरिकों के जीवन में उजाला आये, ये मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार का सपना है। जिले में तेजी से स्वच्छता पर कार्य हो रहा है, वर्तमान में स्वच्छता के क्षेत्र में पूरे देश में नगर निगम को 8वां रैंक प्राप्त हुआ है, जिसके लिए कोरबा की जनता को बधाई व शुभकामनायें दी तथा जिले की जनता से उन्होने कहा कि कोरबा आगे नम्बर-वन पर आये, ऐसा मैं उम्मीद करता हूं। उन्होने आमनागरिकों से कहा कि जिस प्रकार से हम लोग अपने घर का कचरा पृथक-पृथक डस्टबिन में संग्रहित करके रखते, वैसे ही शहर को भी अपना घर समझकर इसको स्वच्छ रखना हैं एवं सड़क व सार्वजनिक स्थानों पर इधर-उधर कचरा नहीं फेंकना है। स्वच्छता हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोगों में जन-चेतना पैदा की है, उसी का यह प्रभाव है कि आज घर का बच्चा भी टोकते हुए यह कहता है कि कचरा कहीं भी इधर-उधर मत फेंको। आज प्रत्येक नागरिकों की यह जिम्मेदारी है कि अपना शहर कोरबा साफ-सुथरा रहे, इस हेतु एक-एक व्यक्ति को स्वच्छता की जिम्मेदारी लेनी होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की मंशा है कि योजना अंतर्गत आबंटित राशि का कोरबा के विकास में एक-एक पैसा का उपयोग जनता हित में होना चाहिये। कार्यक्रम के इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर एस.ई.सी.एल. गेवरा क्षेत्र द्वारा सी.एस.आर. मद से प्रदाय किये गये 3 बसों का मेडिकल कालेज में पढ़ने वाले बच्चों को लाने-ले जाने हेतु शुभारंभ किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, डॉ.राजीव सिंह, जोगेश लांबा, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, लक्ष्मण श्रीवास, हितानंद अग्रवाल, अशोक चावलानी, अजय चन्द्रा, रामकुमार साहू आदि विशिष्ट रूप से उपस्थित थे।



लोकार्पण अवसर पर उपस्थित उप मुख्यमंत्री श्री साव, उद्योग मंत्री श्री देवांगन, महापौर श्रीमती संजू देवी, विधायक श्री पटेल एवं अन्य।

**राज्य गठन के बाद जिले का हुआ चहुंमुखी विकास**

कार्यक्रम के दौरान उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि जनता का हित ही सर्वोपरि है, जिसे ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ की जनता को भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा छत्तीसगढ़ के रूप में राज्य गठन का तोहफा प्रदान किया था, राज्य गठन के पश्चात राज्य एवं कोरबा क्षेत्र का धीरे-धीरे चहुमुंखी विकास हुआ है, विगत कार्यकाल में विकास की गति धीमी पड़ गई थी, नगर निगम कोरबा में हमारी सरकार आने के पश्चात पुनः गति मिली है। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री अरूण साव का काफी सहयोग रहा है। श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा के विवेकानंद उद्यान के समीप 49 लाख 16 हजार रूपये की लागत से अटल परिसर के निर्माण की पूर्व में वर्चुअल रूप से शिलान्यास रखा गया था, जो आज कोरबा में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव की उपस्थिति में लोकार्पण कार्यक्रम को सम्पन्न किया जा रहा है। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि कोरबा की जनता की सुविधाओं एवं कोरबा के विकास हेतु मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व उद्योग मंत्री का भरपूर सहयोग कोरबा नगर निगम को प्राप्त हो रहा है, इस हेतु निगम व क्षेत्र की जनता की ओर से उनको साधुवाद दिया।

**ब्रिज निर्माण को लेकर सभापति ने सौंपा ज्ञापन**

सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर एक दिवसीय दौरे के दौरान हसदेव नदी तट पर रिवर फ्रंट निर्माण व लो-लाइन ब्रिज को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। सभापति ने उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि इन दो परियोजनाओं से कोरबा के विकास को नई दिशा मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा पूर्व में सर्वमंगला मंदिर से हसदेव नदी पार करते हुए पुराने कोरबा शहर को जोड़ने हेतु लो-लाइन ब्रिज की घोषणा की गई थी लेकिन इसका कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका है। इस पुल के निर्माण से छोटे वाहनों को कुसमुंडा व दीपका जैसे क्षेत्रों की ओर जाने हेतु वैकल्पिक मार्ग प्राप्त होगा, जिससे रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। इसके साथ ही सीतामढ़ी से राताखार तक हसदेव नदी तट पर अरपा रिवर फ्रंट (बिलासपुर) की तर्ज पर हसदेव रिवर फ्रंट विकसित करने की मांग की गई है। इस परियोजना में फूड जोन व चौपाटी की योजना है, जिससे पुराने कोरबा शहर के ठेले-गुमटियों को स्थानांतरित कर ट्रैफिक समस्या का समाधान किया जा सकता है। साथ ही नागरिकों को मनोरंजन के लिए एक नई जगह मिलेगी। सभापति ने बताया कि हसदेव पुल हेतु पूर्व में राशि स्वीकृत की जा चुकी है। रिवर फ्रंट का विकास डीएमएफ, अधोसंरचना मद या अन्य योजनाओं से संभव है। उपमुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आवश्यक पहल का भरोसा दिलाया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से अधिवक्ता की मौत



**कोरबा।** उरगा हाटी मुख्य मार्ग पुराना पोर्टे स्कूल उरगा के समीप अभी एक अज्ञात वाहन ने कोरबा से आ रहे भैंसमा निवासी अधिवक्ता नरेंद्र जायसवाल को चपेट में लिया। वे रोज की तरह अंजोरीपाली से जिला न्यायालय कोरबा आना-जाना किया करते थे। न्यायालय में कामकाज निपटा कर घर लौट रहे थे कि रास्ते में हादसे का शिकार हो गए। सूत्रों के मुताबिक घटना लगभग रात 10 बजे की बताई जा रही है।

### तेज रफ्तार स्कार्पियो बिजली के खंभे से टकराई, दो घायल



**कोरबा।** कोरबा से बालको नगर के पिकनिक स्पॉट जाने वाले रास्ते कॉफी प्वाइंट पर तेज रफ्तार स्कार्पियो क्रमांक सीजी 17 केएक्स 1379 बिजली खंभे से जा टकराई। स्कार्पियो की रफ्तार इतनी तेज थी कि टकराने से उसके परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार स्कार्पियो बिजली के खंभे से इतनी जोर से टकराई कि आसपास के लोग जो रोड पर चल रहे थे, वह भी घबरा गए। स्कार्पियो में दो लोगों के बैठने की सूचना मिली है जिनमें दो युवक थे जो घायल हुए हैं।

## ट्रेनों के एलएचबी कोच में लगेंगे हाइटेक सीसीटीवी कैमरे



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर रेलवे जोन में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर 1052 एलएचबी कोचों में हाइटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़, अहमदाबाद, उत्कल, मेल, ज्ञानेश्वरी सुपर डिलक्स और हमसफर सहित सभी एक्सप्रेस ट्रेनों के एसी कोच में सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। अब स्लीपर कोच में भी कैमरे लगाए जा रहे हैं। सीनियर डीसीएम ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे तक़रीबन 70 फ़ीसदी ट्रेनों में लगाए जाएंगे। इसमें सभी प्रमुख ट्रेनों के एलएचबी कोच सीसीटीवी कैमरे से लैस हो जाएंगे। रेल प्रशासन का दावा है कि अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाने के बाद रेल यात्रा को और अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनाया जा सकेगा। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सुरक्षित और स्मार्ट रेलवे विज़न के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत भारतीय रेलवे का तेज़ी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है। रेलवे प्रबंधन ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने पूरे देश में 74 हजार यात्री डिब्बों और 15 हजार लोकोमोटिव इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की घोषणा की है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लगाए जा रहे ये कैमरे कोचों के प्रमुख हिस्सों जैसे कि प्रवेश और निकास द्वारों के पास निगरानी के उद्देश्य से इंस्टॉल किए जा रहे हैं।

**आरक्षित में 4, अनारक्षित में 6 कैमरे**

आरक्षित कोचों में 4 और अनारक्षित कोचों में 6 कैमरे लगाए जा रहे हैं। इंस्टॉलेशन के दौरान यह विशेष ध्यान रखा गया है कि यात्रियों की निजता बनी रहे और साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ हो। अधिकारियों को हाई क्वालिटी वाले डिवाइस लगाने के निर्देश दिए गए हैं। ये कैमरे कम रोशनी में भी स्पष्ट वीडियो फुटेज रिकॉर्ड कर सकेंगे।

## कीचड़ भरे मार्ग से रेलवे स्टेशन पहुंचने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तरफ सेकेंड एंट्री मार्ग की हालत बदहाल है, दूसरी ओर ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन जाने वाले लोगों के लिए मुसीबत बढ़ गई है। अक्सर कई लोग समय पर स्टेशन नहीं पहुंच पाते या फिर ट्रेन छूट जाती है। लोगों का कहना है कि इस समस्या का निराकरण जल्द करना चाहिए। मार्ग की जो स्थिति है, उससे बड़े हादसे से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

रेलवे स्टेशन कोरबा की सेकंड एंट्री मार्ग की हालत बदहाल है। बारिश के बाद तो समस्या और भी बढ़ गई है। रेलवे द्वारा लोगों की सुविधा के लिए मानिकपुर की तरफ से कोरबा रेलवे स्टेशन जाने के लिए सेकंड एंट्री के लिए मार्ग निर्धारित किया गया है। जहां टिकट काउंटर और पार्किंग की सुविधा भी है, लेकिन सेकंड एंट्री जाने वाले मार्ग पर पहले से भारी वाहनों के कारण धूल-डस्ट की समस्या रहती है और इसकी वजह से लोगों को बहुत सावधानी से यहां तक आना पड़ता है। दूसरी तरफ बारिश के कारण इस मार्ग की हालत काफी बदहाल हो गई है। सड़क पर जगह-जगह कीचड़ है। यहां से गुजरने के दौरान बाइक चालकों को काफी सावधानी बरतनी पड़ रही है। आए दिन बाइक चालक मार्ग पर फिसल कर गिर भी रहे हैं। मार्ग पर कोयला लोड भारी वाहन 24 घंटे गुजरते हैं। ऐसे में यहां हादसे की आशंका भी बनी रहती है। बारिश में हो रही इस समस्या से लोगों को राहत नहीं मिल रही है।



सेकेण्ड एंट्री का पहुंच मार्ग जहां फंस रहे वाहन।

## बिजली की लचर व्यवस्था से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम बेलाकछार बालकोनगर में जहां ट्रांसफार्मर लगा है वहां कभी भी अनहोनी हो सकता है। वहां का जमीन बहुत खराब हो चुका है, जिस पर ट्रांसफार्मर लगा है खंभा जमीन में धंस रहा है वहां कभी भी ट्रांसफार्मर गिर सकता है। वहां जल्द से जल्द सुधार की जरूरत करना होगा। रोज प्रतिदिन 15 से 20 बार लाइट गोल होता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी लाइट का सुधर कार्य नहीं किया जा सका है। बिजली का बिल भी भुगतान करने के बाद भी अंधेरे में रहना पड़ता है। लोगों ने विद्युत विभाग से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द सुधार कार्य किया जा सके।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### टीबी के संभावित मरीजों की जांच एवं एक्सरे कराकर उपचार प्रदान करने के दिए निर्देश

# आयुष्मान में फर्जी क्लेम को रोकने सीएमएचओ- बीएमओ करेंगे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों-वयोवृद्ध शिविर, मलेरिया,कुष्ठ, सिकलसेल जॉच, आयुष्मान कार्ड, एचआरपी, मातृस्वास्थ्य, प्रसव, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार कल्याण, एनसीडी, एनक्यूएएस, आयुष, आरबीएसके, एनआरसी दवाओं की उपलब्धता एवं कार्यक्रमों की प्रगति के संबंध में जानकारी ली।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान भारत की समीक्षा की और निर्देश दिए छूटे हुए लोगों का आधार अपडेट के साथ ही सात दिवस के भीतर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएं। उन्होंने कार्य नहीं करने वाले कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। कलेक्टर ने विकासखंड स्तर पर प्रायवेट चिकित्सालयों के आयुष्मान में फर्जी क्लेम की निगरानी बीएमओ को करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में फर्जी क्लेम नहीं होना चाहिए। उन्होंने सीएमएचओं को निजी अस्पतालों के क्लेम पुटअप करने के निर्देश दिए। मातृ स्वास्थ्य की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त गर्भवती माताओं में एचआरपी की पहचान कराना है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों में यदि दिन में प्रसव हो सकता है दिन में और रात्रि में हो सके तो रात्रि में भी प्रसव करावें। गर्भवती महिलाओं को अनावश्यक रेफर ना करें। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रसव कराया जाएं।



बैठक लेते कलेक्टर।

**दो स्त्री रोग विशेषज्ञ के बाद भी उपचार में कमी**

कलेक्टर ने रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 2 स्त्री रोग विशेषज्ञ के होते हुए भी महिलाओं के कम उपचार होने की बात कहते हुए सुधार के निर्देश दिए। मातृ मृत्यु की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 102 एम्बूलेंस में ईएमटी नियुक्त नहीं है। आपात स्थिति में प्रसव हो जाता है तो परेशानी होती है इस पर कलेक्टर ने निर्देशित किया कि डीएमएफ से ईएमटी की नियुक्ति की जाएं। एनआरसी की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि एनआरसी में 100 प्रतिशत आक्यूपेंसी होना चाहिए। शिशु मृत्यु संस्थागत कमी से नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने सिकल सेल के मरीजों का इलेक्ट्रोफोरेसिस जॉच करवाकर दिव्यांग कार्ड बनाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि नाक, कान, गला से संबंधित चिन्हांकित मरीजों तथा मोतियाबिन्द के रेफर मरीजों का उपचार एवं ऑपरेशन तथा सभी प्रकार की सेवाएं जिनका उपचार मेडिकल कॉलेज में हो सकता है उनका उपचार किया जाएं।

